न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी रावतसर

क्रमांक / रीडर / 2025 / 620 दिनांक 20/8/25

तहसीलदार राजस्व
रावतसर

मुकदमा संख्या : 25 / 2025 प्रार्थना पत्र रास्ता स्वीकृति
अनवान मुकदमा :–
प्रभु पुत्र श्री भादर राम जाति जाट निवासी रामपुरा मटोरिया तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़।

–प्रार्थी

बनाम

1. रमेश पुत्र ज्ञानाराम जाति सुथार निवासी 4 डी.डब्ल्यु.एम. तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ,राज0।
2. सुरेश पुत्र ज्ञानाराम जाति सुथार निवासी 4 डी.डब्ल्यु.एम. तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ,राज0।
3. स्टेट ऑफ राजस्थान जरिये तहसीलदार राजस्व रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ,राज0।

–अप्रार्थीगण

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 251 (क) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955

उपर्युक्त विषयान्तर्गत इस न्यायालय द्वारा प्रार्थी का प्रार्थना पत्र रास्ता स्वीकृति पर दिनांक 13.08.2025 को निर्णय करते हुए प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र स्वीकार करते हुऐ चक नम्बर 1 के.के.एस.एम. के पत्थर नम्बर 197 / 36(19) के किला नम्बर 15 में दक्षिणी पासा पर पूर्व से पश्चिम 10.25 गुणा 165 फुट यानि 0.01571 हैक्टेयर व किला नम्बर 14 में दक्षिण पासा पर पूर्व से पश्चिम 10.25 गुणा 165 फुट यानि 0.01571 हैक्टेयर में गैर मुमकिन रास्ता स्वीकृत किये जाने के आदेश दिये जाते है तथा प्रार्थी की कृषि भूमि के पत्थर नम्बर 197 / 36(19) किला नम्बर 13 में दक्षिणी पासा पर पूर्व से पश्चिम 10.25 गुणा 41.25 फुट यानि 0.003929 हैक्टेयर कृषि भूमि को छोड़कर उक्त रास्ता के बदले अप्रार्थीगण को पत्थर नम्बर 197 / 36 (19) के किला नम्बर 13 में पूर्वी पासा में उतर से दक्षिण 154.75 गुणा 41.25 यानि 0.05932 है0 कृषि भूमि अप्रार्थी सं. 1 व 2 के नाम दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। अतः आप इसी अनुसार राजस्व रिकॉर्ड में अमलदरामद कर पालना रिपोर्ट इस न्यायालय को अन्दर 7 दिवस में पेश करे।

सहायक कलक्टर एवं
उपखण्डाधिकारी राजस्व
रावतसर

Signature Not Verified

Digitally signed by Sanjay Kumar
Date: 2025.08.20 18:38:37 IST
Reason: SelfAttested